आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

बुधवार 04.06.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।
- सेतु आयोग ने नगर निकायों को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंपी।
- उच्च शिक्षा विभाग, सेतु आयोग और नैसकॉम के बीच डिजिटल स्किल्स और एआई को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- कोविड–19 के संभावित जोखिमों से बचाव और सतर्कता के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की, उत्तराखंड में संक्रमण को लेकर हालात पूरी तरह सामान्य।

## राज्य मंत्रिमंडल बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। गृह सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने वर्ष 2013 से कार्यरत 859 पर्यावरण मित्रों को अब मृतक आश्रित सेवा नियमावली के तहत लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा उत्तराखंड स्वच्छता गतिशीलता नियमावली के तहत सीएनजी और बी.एस–6 सिटी बसों को 15 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी। डीजल से संचालित विक्रम व अन्य सार्वजनिक वाहनों को भी सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

इलेक्ट्रिक और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मोटर वाहन कर– रोड टैक्स पूरी तरह माफ कर दिया है। अब केवल जीएसटी देय होगा।

पर्यटन के क्षेत्र में मंत्रिमंडल ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के अंतर्गत चार नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत शेष नेत्र लोटस वॉल, सुदर्शन चौक की कलाकृति और ट्री एंड रिवर स्कल्पचर के साथ ही सुदर्शन चक्र शिल्प का निर्माण किया जाएगा। अब नई पेंशन योजना के तहत आने वाले कर्मचारियों को भी पुरानी सेवा प्रणाली की तरह ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा। इसके अलावा बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए भी लिए गए।

## सेतु आयोग रिपोर्ट

सेतु आयोग ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नगर निकायों के सशक्तिकरण की दिशा में गहन विश्लेषण आधारित रिपोर्ट सौंपी। आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने, प्रदेश के शहरी विकास और नगरों की समस्याओं को सुधारने की दिशा में सुझाव दिये गये हैं। रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु – निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय स्वायत्तता और राजस्व जुटाने की क्षमता बढ़ाना और भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में शामिल 18 कार्यों जैसे– जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन को निकायों को हस्तांतरित करना है। रिपोर्ट में तकनीकी नवाचार के लिए स्मार्ट गवर्नेंस, जीआईएस मैपिंग और डेटा–आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना भी शामिल है। साथ ही निकायों के कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों में इस दिशा में किए गए सुधारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। देश के सफल शहरी निकायों के मॉडलों को उत्तराखण्ड की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी रूप से ढ़ाले जाने के लिए भी सुझाव दिये गये हैं। रिपोर्ट में आपदा–रोधी योजना और भूस्खलन प्रबंध नियोजन में आम लोगों की राय को प्राथमिकता देने का भी जिक्र किया गया है।

**आधुनिक मशीन बागेश्वर**

बागेश्वर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़ते हुए एक अभिनव पहल की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी ने जिला अस्पताल में 'हेल्थ कियोस्क मशीन' का शुभारंभ किया। इस मशीन से न केवल जांच की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि मरीजों को रिपोर्ट भी तुरंत मिल सकेगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि जिले में पांच मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मशीन से अब ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और कोलेस्ट्रॉल जैसी 90 से अधिक जांचें तुरंत हो सकेंगी।

**समझौता ज्ञापन**

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग, सेतु आयोग और नैसकॉम के बीच आज सचिवालय में डिजिटल स्किल्स और एआई को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में हुए इस समझौता ज्ञापन के तहत अब नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार छात्र–छात्राओं के लिये पाठ्यक्रम सुलभ कराये जाएंगे। इसके अलावा बागवानी और स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क को लेकर भी उच्च शिक्षा विभाग ने एमओयू साइन किया। इसके तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अप्रूव्ड लाइफ स्किल से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किये जाएंगे।

**कोविड एडवाइजरी**

देशभर में कोविड–19 की स्थिति जहां इस समय नियंत्रण में है, वहीं उत्तराखंड में भी संक्रमण को लेकर हालात पूरी तरह सामान्य हैं। इसके बावजूद संभावित जोखिमों से बचाव और सतर्कता के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि इसके तहत सभी जिलों में निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने, अस्पतालों में आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में फिलहाल कोविड को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन किसी भी संभावित जोखिम के लिए हमें पूरी तरह तैयार रहना होगा। इसी क्रम में प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों और मानव संसाधनों को सक्रिय मोड में रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा कोविड–19 को लेकर किसी खतरे की स्थिति घोषित नहीं की गई है और न ही कोई नया वेरिएंट सक्रिय रूप से फैल रहा है। संक्रमितों में भी केवल मामूली लक्षण पाए जा रहे हैं और वे सामान्य इलाज से घर पर ही ठीक हो रहे हैं। फिर भी संभावित खतरों से निपटने के लिए राज्य पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

**पर्यावरण प्रतियोगिता अल्मोड़ा**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नमामि गंगे जिला गंगा सुरक्षा समिति अल्मोड़ा और एक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज अल्मोड़ा के रैमजे इंटर कॉलेज में कला और कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा और बचाव पर गोष्ठी भी आयोजित की गई। अल्मोड़ा नगर निगम के मेयर अजय वर्मा ने कहा कि आज आयोजित प्रतियोगिताओं से छात्र– छात्राओं में पर्यावरण को लेकर जागरूकता आएगी।

नमामि गंगे– गंगा सुरक्षा समिति अल्मोड़ा की जिला परियोजना अधिकारी रंजीता वर्मा ने कहा कि पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त करना और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में छात्र–छात्राओं को जागरूक करना, प्रतियोगिता का उद्देश्य है।

## एसडीआरएफ सतर्क

चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब में बर्फबारी का दौर जारी है, जिसके कारण यात्रा मार्ग और हेमकुंड साहिब परिसर में फिसलन बढ़ गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चमोली पुलिस और एसडीआरएफ पूरी तरह से मुस्तैद है। एसडीआरएफ के जवान हेमकुंड साहिब में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गुरुद्वारे के आस–पास और परिसर में मौजूद रहकर एसडीआरएफ के जवानों द्वारा श्रद्धालुओं को मौसम के मिजाज को देखते हुए समय रहते घांघरिया लौटने का आग्रह किया जा रहा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों से मौसम को देखते हुए गर्म कपड़े व आवश्यक दवाइयां अपने साथ लाने की भी अपील की जा रही है।